चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 13.9.25 | 4 | 5-7 |

# सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सशक्त माध्यम : प्रो. काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा एंड सेवा फाउंडेशन हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा प्रबोधन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि, राहुल गोयल विशिष्ट अतिथि व शल्य चिकित्सक डा. मनोज शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि सेवा ही मानवता का मूल है इससे करुणा, सहानुभूति और भाईचारे की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को सेवा भावना से जुड़ने की जरूरत है। चाहे सामाजिक, आर्थिक व चिकित्सा का क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में सेवा भाव का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि जो बिना किसी शर्त व निस्वार्थ भाव से की जाए वही सेवा सार्थक होती है। सेवा भावना से प्रेरित नागरिक राष्ट्र के विकास और प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। मुख्य वक्ता डा. मनोज शर्मा ने कहा कि सेवा प्रबोधन का मुख्य उद्देश्य लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करना, सामाजिक उत्तरदायित्व जगाना, व्यक्तित्व विकास करना, सामाजिक एकता को बढ़ावा देना तथा लोगों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करना है।



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए • जागरण

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13.9.25 | 4 | 7-8 |

# सेवा ही मानवता का मूल है : वीसी



**भास्कर न्यूज़ | हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा एंड सेवा फाउंडेशन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर. काम्बोज मुख्य अतिथि, राहुल गोयल विशिष्ट अतिथि तथा शल्य चिकित्सक डॉ. मनोज शर्मा मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि सेवा ही मानवता का मूल है इससे करुणा, सहानुभूति और भाईचारे की भावना विकसित होती है। आज की युवा पीढ़ी को सेवा भावना से जुड़ने की जरूरत है। युवाओं को न केवल अपने लिए बल्कि राष्ट्र हित के लिए सेवा भावना गुण अपनाने की जरूरत है।

मुख्य वक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि सेवा प्रबोधन का मुख्य उद्देश्य लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करना, व्यक्तित्व विकास करना, सामाजिक एकता को बढ़ावा देना तथा लोगों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करना है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 13-9-25 | 2 | 7-8 |


# सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम : प्रो. काम्बोज



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।*

हिसार, 12 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा एंड सेवा फाउंडेशन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा प्रबोधन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि, राहुल गोयल विशिष्ट अतिथि तथा शल्य चिकित्सक डॉ. मनोज शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि सेवा ही मानवता का मूल है इससे करुणा, सहानुभूति और भाईचारे की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को सेवा भावना से जुड़ने की जरूरत है। चाहे सामाजिक, आर्थिक व चिकित्सा का क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में सेवा भाव का बहुत महत्व है।

युवाओं को न केवल अपने लिए बल्कि राष्ट्र हित के लिए सेवा भावना के गुण को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम है।

मुख्य वक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि सेवा प्रबोधन का मुख्य उद्देश्य लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करना, सामाजिक उत्तरदायित्व जगाना, व्यक्तित्व विकास करना, सामाजिक एकता को बढ़ावा देना तथा लोगों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करना है। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 13-9.25 | 5 | 4-6 |

# सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम : प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार, 12 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा एंड सेवा फाउंडेशन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा प्रबोधन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि, राहुल गोयल विशिष्ट अतिथि तथा शल्य चिकित्सक डॉ. मनोज शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि सेवा ही मानवता का मूल है इससे करुणा, सहानुभूति और भाईचारे की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को सेवा भावना से जुड़ने की जरूरत है। चाहे सामाजिक, आर्थिक व चिकित्सा का क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में सेवा भाव का बहुत महत्व है। युवाओं को न केवल अपने लिए बल्कि राष्ट्र हित के लिए सेवा भावना के गुण को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो बिना किसी शर्त व निस्वार्थ भाव से की जाए वही सेवा सार्थक होती है। इसके लिए विश्वविद्यालय व कॉलेज के साथ-साथ स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के मन में भी सेवा भावना को पैदा करना चाहिए। सेवा भावना से प्रेरित नागरिक राष्ट्र के विकास और प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम है।


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

मुख्य वक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि सेवा प्रबोधन का मुख्य उद्देश्य लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करना, सामाजिक उत्तरदायित्व जगाना, व्यक्तित्व विकास करना, सामाजिक एकता को बढ़ावा देना तथा लोगों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करना है। समाज और राष्ट्र के प्रति नागरिकों को कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए युवा और सेवा फाउंडेशन, हरियाणा अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि राहुल गोयल ने कहा कि युवाओं में सेवा भावना, सहयोग, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। इससे युवाओं में ऊर्जा और उत्साह को सार्थक दिशा मिलती है। युवा एंड सेवा फाउंडेशन के ट्रस्टी विनोद कुमार ने संस्था का परिचय देते हुए कहा कि इसकी स्थापना इस सोच के साथ हुई कि युवा शक्ति केवल करियर निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाए। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रजनीकांत शर्मा थे। कार्यक्रम के अंत में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में सुभाष मेहरा, सुभाष चन्द्र सहायक प्रोफेसर, पूजा टंडन, कुलदीप उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 13.9.25 | 11 | 5-8 |

# सेवा भावना से जुड़े युवा पीढ़ी : प्रो. काम्बोज

- हकृवि में 'सेवा प्रबोधन' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा एंड सेवा फाउंडेशन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा प्रबोधन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में राहुल गोयल विशिष्ट अतिथि व शल्य चिकित्सक डॉ. मनोज शर्मा मुख्य वक्ता रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि सेवा ही मानवता का मूल है इससे करुणा, सहानुभूति और भाईचारे की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को सेवा भावना से जुडने की जरूरत है। चाहे सामाजिक, आर्थिक व चिकित्सा का क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में सेवा भाव का बहुत महत्व है। युवाओं को न केवल अपने लिए बल्कि राष्ट्र हित के लिए सेवा भावना के गुण को अपनाने की जरूरत है। सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। मुख्य वक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि सेवा प्रबोधन का मुख्य उद्देश्य लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करना, सामाजिक उत्तरदायित्व जगाना, व्यक्तित्व विकास करना, सामाजिक एकता को बढ़ावा देना तथा लोगों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करना है। समाज और राष्ट्र के प्रति नागरिकों को कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए युवा और सेवा फाउंडेशन, हरियाणा अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, डॉ. रजनीकांत शर्मा, विनोद कुमार, सुभाष मेहरा, सहायक प्रोफेसर सुभाष चन्द्र, पूजा टंडन व कुलदीप उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 12.9.2025 | -- | -- |

## सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम : प्रो. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा एंड सेवा फाउंडेशन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा प्रबोधन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि, राहुल गोयल विशिष्ट अतिथि तथा शल्य चिकित्सक डॉ. मनोज शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि सेवा ही मानवता का मूल है इससे करुणा, सहानुभूति और भाईचारे की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को सेवा भावना से जुड़ने की जरूरत है। चाहे सामाजिक, आर्थिक व चिकित्सा का क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में सेवा भाव का बहुत महत्व है। युवाओं को न केवल अपने लिए बल्कि राष्ट्र हित के लिए सेवा भावना के गुण को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो बिना किसी शर्त व निस्वार्थ भाव से की जाए वही सेवा सार्थक होती है। इसके लिए विश्वविद्यालय व कॉलेज के साथ-साथ स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के मन में भी सेवा भावना को पैदा करना चाहिए। सेवा भावना से प्रेरित नागरिक राष्ट्र के विकास और प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। सेवा समाज में सद्भावना, एकता और भाईचारा स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। मुख्य वक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि सेवा प्रबोधन का मुख्य उद्देश्य लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करना, सामाजिक उत्तरदायित्व जगाना, व्यक्तित्व विकास करना, सामाजिक एकता को बढ़ावा देना तथा लोगों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करना है। समाज और राष्ट्र के प्रति नागरिकों को कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए युवा और सेवा फाउंडेशन, हरियाणा अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि राहुल गोयल ने कहा कि युवाओं में सेवा भावना, सहयोग, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। इससे युवाओं में ऊर्जा और उत्साह को सार्थक दिशा मिलती है। युवा एंड सेवा फाउंडेशन के ट्रस्टी विनोद कुमार जी ने संस्था का परिचय देते हुए कहा कि ट्रस्ट की स्थापना इस सोच के साथ हुई कि युवा शक्ति केवल करियर निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाए। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रजनीकांत शर्मा थे। कार्यक्रम के अंत में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ राजेश गेरा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में सुभाष मेहरा, सुभाष चन्द सहायक प्रोफेसर, पूजा टंडन, कुलदीप उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

